An ISO 9001:2015 certified

# झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची

पत्रांक : 1618 | दिनांकः .30....../03/2026

प्रेषक,

**शशि रंजन, भा0प्र0से0**
राज्य परियोजना निदेषक।

सेवा में,

सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
सभी जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
एवं 80 उत्कृष्ट विद्यालय प्रधानाध्यापक / वार्डेन / प्रभारी प्रधानाध्यापक एवं स्कूल मैनेजर,
झारखण्ड।

**विषय : राज्यांतर्गत सभी विद्यालय के सभी कक्षाओं में माह अप्रैल–मई, 2026 में आधारभुत–आरंभिक कक्षाएँ आयोजन के संबंध में।**

**प्रसंग : पत्रांक– 1581, दिनांक– 23.04.2025**

महाशय / महाशया,

उपर्युक्त विषयक अंकित करना है कि सचिव महोदय के पत्रांक– 1581, दिनांक– 23.04.2025 के संदर्भ ले। शैक्षणिक सत्र 2026–27 के प्रारंभ के दो माह अप्रैल–मई 2026 में पठन–पाठन, गुणवत्त शिक्षा में समृद्धि लाने हेतु सुचारू संचालन एवं क्रियान्वयन हेतु निम्न निदेश दिए जाते हैं :–

1. प्रत्येक कक्षाओं के विद्यार्थियों की पूर्व ज्ञान के आधार पर सभी विषयों का शिक्षण अधिगम स्तर का आंकलन दिनांक– 4 अप्रैल, 2026 तक ग्रेडिंग A,B,C,D करेंगे। विद्यार्थियों के भाषा विषय यथा : हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत एवं उर्दू विषय के अक्षर ज्ञान, व्याकरण एवं पढ़ने–लिखने संबंधी पूर्वधारित ज्ञान का आंकलन कर लिया जाय।
2. पूर्व कक्षा के न्यूनतम अधिगम स्तर के आधार पर विद्यार्थियों का प्रारंभिक आंकलन (Baseline Assesssment) कर छात्रों को समुहों में वर्गीकृत करते हुए प्रतिदिन सभी विषयों की 1 घंटी की कक्षाओं का नियमित संचालन किया जाय एवं हर विषय की कक्षा का निरंतर संचालन सुनिश्चित करेंगे। तदनुसार CBSE/JAC के अनुरूप समय–सारिणी एवं पठन–पाठन हेतु कक्षावार समय–सारिणी (routine) तैयार करेंगे तथा उसका अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।
3. शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने के प्रारंभिक दो माह तक नव नामांकित छात्र–छात्राओं के शिक्षण–अधिगम स्तर में सुधार लाने हेतु Basic Knowledge, Bridge Course के लिए निम्न के अनुसार कक्षाएँ आयोजित करना सुनिश्चित करेंगे।

| कक्षा | विषय | |
|---|---|---|
| 1–3 | Language (English, Hindi) Maths | **English-** Identification of Letters in Alphabets, Sentence Formation, Reading and Writing Simple Sentences. Dictation of two & three letter words<br>**हिन्दी**– अक्षर पहचान, शब्द–निर्माण, सरल वाक्य, पढ़ना लिखना।<br>**गणित**– संख्या ज्ञान, जोड़, घटाव, बुनियादी गणनाए, 1 से 10 तक पहाड़े, समय का ज्ञान |
| 4–5 | Language (English, Hindi) English, Maths, EVS | **English**- Reading Comprehension, Vocabulary, Paragraph Writing, Grammer- Parts of Speech, Dictation of Paragraph, Translation |

| | | |
|---|---|---|
| | | **Mathematics**- Fraction, Measurement and Word Problem, Time & Money & Tables up to 20<br>**Hindi**- कहानी लेखन, भाषा एवं शब्द भेद, मुहावरे |
| 6–8 | Language (English, Sanskrit & Hindi)<br>Maths, Science, Social Science | **English**- Reading Comprehension, Writing Skill & Grammar- Active & Passive Voice, Direct and Indirect Sentences, Tenses, Types of Sentences<br>**Maths**- Decimals, Ratio, Word Problem, Basic Geometry, Basic Statistics<br>**Science**- Basic Concepts, Simple Expriement, Application in daily life.<br>**Hindi** – शब्द ज्ञान, शब्द रचना, वाक्य रचना, निबंध लेखन, पत्र लेखन, मुहावरे, विलोम शब्द, संज्ञा एवं सर्वनाम इत्यदि<br>**Sanskrit**- शब्द रूप, क्रिया के धातु रूप एवं वाक्य रचना<br>**Social Science**- Basic Concept of Indian History & Geography, Constitution of India and Financial Literacy |
| 9–10 | Language (English, Sanskrit & Hindi)<br>Maths, Science, Social Science | **English**- Reading Comprehension, Writing Skill & Grammar<br>**Maths**- Algebra, Trigonometry & Geometrical Concept<br>**Science** – Basic Concept of Physics, Chemistry & Biology<br>**Social Science**- Basic Concept of World History & Geography, Constutition of India and Financial Literacy<br>**Sanskrit**-शब्द रूप, क्रिया के धातु रूप एवं वाक्य रचना |
| 11–12 | Science | Basic Concept, Fundamental required for Senior Secondary such as Unit and Measurement, Atomic Structure, Bonding, |
| | Commerce | Basic Accounting Concept, Journal Ledger, Nature of Business & Basic Mangement Concept, Introduction to Micro Economic & Statistics |
| | Arts | Understanding of themes, time lines, basic concept, map work, physical gerography, basic concept of decmocaracy, constitution, political theory |

4. शिक्षण पद्धति को रोचक एवं प्रभावी बनाने हेतु TLM एवं Digital संसाधनों, Worksheet, मॉडल, चार्ट, प्रयोग सामग्री एवं Digitial Content का उपयोग सुनिश्चित किया जाय।
5. विद्यार्थियों के संचार कौशल (Communication skills) को विकसित करने के लिए शिक्षक विशेष ध्यान देंगे तथा इससे संबंधित विशेष गतिविधियाँ करायेंगे।
6. शिक्षण के दौरान उपर्युक्त प्रसंगाधीन पत्र के कंडिका 10 में दिए गए निदेश के आलोंक में राज्यांतर्गत सभी सरकारी विद्यालयों के शिक्षक गण विषयवार विस्तृत पाठ्य–योजना निर्माण करना अनिवार्य है। विस्तृत पाठ्य–योजना का प्रतिहस्ताक्षरण प्रभारी प्रधानाध्यापक/जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा किया जाना है। विस्तृत पाठ्य–योजना का निर्माण नहीं होने की स्थिति में संबंधित शिक्षक का मानदेय/ वेतन माह मई, 2026 स्थागित रखा जाय।
7. उपरोक्त दिए गए निर्देशों का अनुपालन प्रतिवेदन पंजी में संधारण करना सुनिश्चित करेंगे जिसका उपयोग प्रत्येक सत्र में किया जाय तथा उसका आंकलन जिला स्तर पर करते हुए आने वाले सत्रों के लिए जरूरी निदेश जारी किया जाय।

An ISO 9001:2015 certified

झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची

यह सुनिश्चित किया जाय की सभी विद्यालय उक्त निर्देशों का शत–प्रतिशत अनुपालन करे जिससे विद्यार्थियों का न्यूनतम अधिगम परिणामों में आपेक्षित सुधार हो सके।

विश्वासभाजन

30/03/26

(शशि रंजन)
राज्य परियोजना निदेशक

ज्ञापांक : SOE/16/12/2025/1618 दिनांक : 30/03/2026

1. सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. सभी उपायुक्त, झारखण्ड को सूचनार्थ प्रेषित।
3. निदेशक, जे.सी.ई.आर.टी.,/निदेशक, माध्यमिक शिक्षा/निदेशक, प्राथमिक शिक्षा, झारखण्ड को सूचनार्थ प्रेषित।
4. सचिव, झारखण्ड अधिविद्य परिषद्/सभी क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक, झारखण्ड को सूचनार्थ प्रेषित।

30/03/26

(शशि रंजन)
राज्य परियोजना निदेशक।

जे.एस.सी.ए. स्टेडियम रोड, सेक्टर-3, धुर्वा, राँची-834004 दूरभाष:0651-2444501, 2444502 ई-मेल: jepcranchi1@gmail.com